श्री बंशीधर नगर, बुधवार
01.05.2024
वैशाख कृष्णपक्ष सप्तमी संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 246

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:20 बजे
अस्त - 06:25 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 41 डिग्री से.
न्यूनतम : 22 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com
देशी कट्टा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार >> पेज 03 | सभी 14 सीटें जीतेंगे : भजन लाल शर्मा >> पेज 04

**शुभकामनाएं**
*दैनिक बंशीधर न्यूज* के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभेच्छुओं को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकानमाएं।

**सूचना**
अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर *दैनिक बंशीधर न्यूज* का कार्यालय 01 मई को बंद रहेगा। अंतः पाठकों को अगला अंक 03 मई को उपलब्ध होगा।

**सुविचार**
दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते

**न्यूज अपडेट्स**

### एनआईए डीजी झारखंड डीजीपी से मिले

**रांची।** एनआईए के डीजी सदानन्द दाते ने मंगलवार को रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय पहुंचकर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने झारखंड में आतंकवाद और नक्सलवाद सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान राज्य में आंतकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से की जा रही कार्रवाई एवं हाल के दिनों में प्राप्त सफलताओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान एडीजी आरके मल्लिक, एडीजी डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, एनआईए के आईजी आशीष बत्रा, एनआईए डीआईजी ज्योति प्रिया, एनआईए एसपी प्रशान्त आनन्द, मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

**रिजल्ट** जैक ने इंटर के तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम किए घोषित

# तीनों संकायों में लड़कियों ने मारी बाजी

### 40.78 प्रतिशत प्रथम और 55.71 प्रतिशत द्वितीय

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को इंटरमीडिए के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। कॉमर्स में 90.60 प्रतिशत, कला में 93.16 फीसदी, वोकेसनल में 83 और साइंस में 72.72 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। पहली बार है जब जैक ने तीनों संकायों के परीक्षा परिणाम एक साथ जारी किए हैं। शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक उत्कर्ष गुप्ता और जैक अध्यक्ष अनिल महतो ने संयुक्त रूप इंटर बोर्ड का रिजल्ट जारी किए। शिक्षा विभाग के प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने बताया कि परीक्षा पैटर्न में बदलाव होने की वजह से रिजल्ट में गिरावट आयी है। साथ ही बताया कि फिजिक्स और केमेस्ट्री में रिजल्ट संतोषजनक नहीं रहा।

इस साल 03 लाख 44 हजार परीक्षार्थी 12वीं बोर्ड की परीक्षा में बैठे थे। इनमें साइंस के 94,433, कॉमर्स के 25,907 और आर्ट्स के 2,24,502 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 72.70 फीसदी पास हुए हैं। आर्ट्स में 93.7 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इसमें 83404 छात्र फर्स्ट डिवीजन हैं। आर्ट्स में कुल 02 लाख 24 हजार 502 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 02 लाख 06 हजार 685 छात्र ही परीक्षा में पास हुए। कॉमर्स में 90.06 प्रतिशत (23235) छात्र पास हुए हैं। 61 प्रतिशत परीक्षार्थी फर्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। कॉमर्स में कुल 25907 स्टूडेंट ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इसमें 25644 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे। साइंस में 94433 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें 93,805 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 68,203 स्टूडेंट परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिसमें 72.70 फीसदी छात्र फर्स्ट डिवीजन से उतीर्ण हुए हैं। वोकेशनल में 508 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें केवल 493 छात्र ही परीक्षा में बैठे थे और 439 छात्र यानी 89.22 फीसदी स्टूडेंट पास हुए हैं। साइंस में 72.2 फीसदी लड़के और 72.67 फीसदी लड़कियां उत्तीर्ण हैं। कॉमर्स में 93 प्रतिशत लड़कियां सफल हुई हैं। आर्ट्स में भी लड़कियां आगे रहीं।




### कॉमर्स में ये पांच जिले टॉप

लातेहार, कोडरमा, सिमडेगा, पाकुड़ और खूंटी

### साइंस में ये जिले टॉप पांच में

कोडरमा, लातेहार, चतरा, जामताड़ा और हजारीबाग

### आर्ट्स में टॉप पांच में ये जिले शामिल

सिमडेगा, खूंटी, कोडरमा, गुमला, हजारीबाग

### साइंस के टॉपर

1. स्नेहा, उर्सलाइन, रांची
2. रीतिका कुमारी, हजारीबाग
3.पंकज कुमार साहू, सिसई

### आर्ट्स के टॉपर

1. जीनत परवीन, रांची
2. बहमनी खान, खूंटी
3. दीपाली कुमारी, रांची

### कॉमर्स के टॉपर

1.प्रतिभा साहा, उर्सलाइन इंटर, रांची
2. रिया कुमारी, उर्सलाइन इंटर कॉलेज, रांची
3. श्रृष्टि कुमारी, उर्सलाइन इंटर कॉलेज, रांची

जैक 12वीं बोर्ड की परीक्षा छह से 26 फरवरी तक दूसरी पाली में आयोजित की गयी थी जबकि 27 फरवरी से पांच मार्च तक प्रैक्टिकल एग्जाम हुआ था। बोर्ड परीक्षा को लेकर कुल 740 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। जैक ने इससे पहले 19 अप्रैल को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी किया था। मैट्रिक की परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की थी। साल 2024 में 4,21,687 (1,91,262 छात्र और 2,00,549 छात्राएं) छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था लेकिन 418623 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 3,38,398 (90.39 फीसदी) छात्र परीक्षा में पास हुए थे। इसमें 2,05,110 परीक्षार्थी (54.20 फीसदी) फर्स्ट डिवीजन, 1,53,733 (40.65 फीसदी) सेकेंड डिवीजन और 19,555 (5.17 फीसदी) थर्ड डिवीजन से उत्तीर्ण हुए थे।

### पलामू के बेटे को राज्यस्तर पर इण्टर साइंस में चौथा स्थान, जिला टॉपर बना



**मेदिनीनगर।** इण्टर के परीक्षा परिणाम में पलामू जिले के बीएस इंटर कॉलेज, पाटन के विज्ञान संकाय का मेधावी छात्र अमित कुमार मेहता ने 477 अंक लाकर राज्य में चौथा और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिले के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के निवासी सतेंद्र मेहता का 18 वर्षीय पुत्र अमित कुमार मेहता ने इंटर की परीक्षा में जिला टॉप किया है। उसके पिता किसान हैं और मां नीलम देवी गृहणि हैं। वह घर से दूर एक रिश्तेदार के घर रहकर पढ़ाई करता था। उसे यह सफलता काफी मेहनत से मिली है। इसमें कॉलेज के शिक्षकों और परिजनों का भरपूर सपोर्ट मिला है। अमित ने कहा कि वह कॉलेज और घर मिलाकर 14 घंटे पढ़ाई करता था। कॉलेज में मिले हर होमवर्क को पूरा करता था। किसी भी विषय में कंसिस्टेंसी से पढ़ाई करता था। किसी भी टॉपिक में कन्फ्यूजन होने पर शिक्षक का पूरा सपोर्ट मिलता था, जिस कारण सफलता मिली। उसने कहा कि पिता भले ही किसान हैं लेकिन पढ़ाई से जुड़े कभी किसी चीज की कमी नहीं होने दी। भविष्य में यूपीएससी क्रैक कर आईएएस अधिकारी बनना चाहता है। आज के समय में करप्शन बहुत बढ़ गया है, जिसे खत्म करने के लिए उच्च स्तर का अधिकारी बनना जरूरी है।

## भीषण गर्मी में लू लगने से दुमका में एक की मौत



**दुमका।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी में लू लगने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि दूसरा मजदूर मूर्छित होकर सड़क पर गिरा पड़ा था। सूचना पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। मृत मजदूर की शिनाख्त जरुवाडीह निवासी शिव कुमार मंडल के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार दोनों मजदूर जिला नियंत्रण कक्ष के निकट गिरे पड़े थे। स्थानीय लोगों की जब नजर दोनों पर पड़ी तो नगर थाना की पुलिस को सूचित किया। नगर थाना की गश्ती दल की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर पीजेएमसीएच में लेकर पहुंची लेकिन एक की मृत्यु हो चुकी थी।

## लिफ्ट में एक घंटे तक फंसी रही महिला कॉलेज की प्राचार्या

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की बैठक में शामिल होकर लौट रही योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डा. मोहिनी गुप्ता विश्वविद्यालय की लिफ्ट में फंस कर रह गई। लगभग एक घंटे तक विश्वविद्यालय की लिफ्ट में फंसे रहने के उपरांत उन्हें किसी तरह बाहर निकाला गया। ऐसी स्थिति में वहां उपस्थित विश्वविद्यालय कर्मचारी व



पदाधिकारी मुकदर्शक बने रहे। अखिल विद्यार्थी परिषद के पलामू जिला संयोजक सुमित पाठक ने इस मामले पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि क्या विश्वविद्यालय के पास त्वरित कार्रवाई हेतु कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण इस भीषण गर्मी में प्राचार्या को एक घंटे तक लिफ्ट में जद्दोजहद करनी पड़ी। इस मामले से साबित होता है कि विश्वविद्यालय सुरक्षा मानकों को पूरा करने में खरा नहीं उतर पा रहा है। बड़ा हादसा होने पर क्या स्थिति होगी, इसकी कल्पना की जा सकती है। इस विषय पर जब परिषद कार्यकताओं ने सी.सी.डी.सी. डा. ए.के. पाण्डेय से बात की तो उन्होंने भी गोलमोल जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय को हमेशा वैकल्पिक व्यवस्था रखनी चाहिए, जिससे विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व छात्र छात्राओं को इस प्रकार की परेशानी होने पर कम समय में उनकी मदद की जा सके।

**रांची में राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 का आगाज**

# यह ऐतिहासिक क्षण : भोलानाथ सिंह

रांची। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 प्रतियोगिता रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में मंगलवार से शुरू हो गई है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक संदीप प्रधान ने उद्घाटन समारोह का शुभारंभ किया। भाग लेनेवाली सभी 8 टीमों के खिलाड़ियों के साथ बातचीत की। ये टीमें हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप से क्वालिफाई करनेवाली भारतीय महिला घरेलू हॉकी की सर्वश्रेष्ठ टीमें




हैं. इनमें हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा शामिल हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग भारतीय महिला घरेलू हॉकी ढांचे के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। यह प्रतियोगिता हमारे शीर्ष घरेलू खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने कौशल को और निखारने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। हमें विश्वास है कि यह लीग न केवल घरेलू हॉकी के लिए अवसर बढ़ायेगा बल्कि राष्ट्रीय टीम के लिए भविष्य के सितारों की पहचान और पोषण के लिए एक स्प्रिंगबोर्ड के रूप में भी काम करेगा। उद्घाटन दिवस में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी हरियाणा को 4-1 से हराया जबकि हॉकी महाराष्ट्र ने मणिपुर हॉकी को 5-1 से आसानी से हरा दिया। शेष मैचों में हॉकी मध्य प्रदेश का सामना हॉकी बंगाल से होगा और हॉकी झारखंड का सामना हॉकी मिजोरम से होगा। उद्घाटन समारोह में झारखंड सरकार के अधिकारी मनोज कुमार (सचिव, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग, झारखंड सरकार), सुशांत गौरव (निदेशक खेल, खेल और युवा मामले विभाग, झारखंड सरकार) भी उपस्थित थे।

# राज्य में अब तक 71 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की जब्ती

**रांची।** उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के लागू होने से लेकर अब तक झारखंड में 71 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की जब्ती की गई है। इसमें अवैध शराब और ड्रग्स आदि समेत 05 करोड़ 18 लाख से अधिक नकदी है। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहीं थीं। नेहा ने बताया कि राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर राज्य के 18577 आर्म्स लाइसेंस में से 817 को रद्द करने की कार्रवाई की गई है। लाइसेंस रद्द हथियारों




के मालिकों ने उसका सत्यापन नहीं कराया था। उन्होंने बताया कि पांचवे चरण के निर्वाचन को लेकर 14 नामांकन हुए हैं। इनमें चतरा में नौ, कोडरमा में चार और हजारीबाग में एक नामांकन हुआ है। छठे चरण के लिए अब तक आठ नामांकन हुए हैं। इनमें गिरीडीह में एक, धनबाद में दो, रांची में दो और जमशेदपुर में तीन नामांकन हुए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता जागरुकता का अभियान विभिन्न माध्यमों से लगातार जारी है।

# गोलीकांड के खिलाफ बंद, आपराधिक गतिविधियां बढ़ने से दहशत में हैं लोग : अरविंद



**बंशीधर न्यूज**

**छतरपुर :** छतरपुर में घट रहे आपराधिक घटनाओं के कारण लोगों में आक्रोश और दहशत व्याप्त है। लोगों का कहना है कि कई घटनाओं के बाद भी पुलिस ने अपराधियों को नहीं पकड़ा है, जिसके कारण उनके हौसले बुलंद हैं। छतरपुर के थाने से महज चंद कदमों की दूरी पर बेखौफ अपराधियों ने खाटीन गांव निवासी संतोष साहू को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया है। वहीं संतोष की घटना के दिन ही एक अन्य घटना में मसिहानी निवासी संजय डोम की भी संदेयात्मक स्थिति में मौत हो गई। फिलहाल संतोष रांची के मेडिका हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। इसकी सूचना मिलने के बाद समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने आक्रोश व्यक्त करते हुये पुलिस से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा की हत्या और लूट की कई घटनाएं घटने के बाद भी पुलिस के हाथ अपराधियों के गिरहबान तक नहीं पहुंच पाया है जिसके कारण लोगों में असुरक्षा की भावना है। घटना के बाद जपला मोड़ पर हुये सड़क जाम के बाद जामस्थल पर ही श्री गुप्ता ने तत्काल एसडीपीओ नौशाद आलम और थाना प्रभारी राजेश रंजन से बात कर चेतावनी देते हुये कहा कि अगर अपराधी नहीं पकड़े गये तो छतरपुर में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जायेगा। मौके पर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद, जोगी प्रसाद, रघुनाथ प्रसाद, बिट्टू गुप्ता, गोकुल प्रसाद, मिथिलेश यादव, अयोध्या प्रसाद, अमित कुमार, सुरेश प्रसाद, धीरज सिंह, सुनील गुप्ता, मनोहर, दामोदर साव, ककमेश्वर साव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे लोगों ने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

**न्यूज अपडेट्स**

## साला ने बहनोई को किया घायल

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र के जिरहूला गांव में बीती रात्रि आपसी विवाद में हुई मारपीट में साला ने अपने बहनोई को पीट कर घायल कर दिया। घायलावस्था में उसे इलाज के लिये भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी साला मेराल के बंका निवासी कामेश्वर मेहता के पुत्र रवि शंकर मेहता पर प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना के संबंध में घायल जीतन मेहता ने बताया कि रात्रि में घर पर खाना खा रहा था। इसी बीच मेरा साला और मेरे छोटे भाई की पत्नी सुगवंति देवी ने लाठी और टांगी से प्रहार कर घायल कर दिया। बताया कि मेरा साला पत्नी के डिलेवरी में दस हजार रु कर्ज दिया था, जिसे मांग रहा था। मैं बोला की अभी नहीं है बाद में देंगे। इसी बात को लेकर मारपीट हो गई। उसकी भवह रिश्ते में साली भी लगती है जो छोटे भाई प्रदीप मेहता की पत्नी है।

**पलामू** चुनाव संबंधी प्रशिक्षण को गंभीरता से लें : सामान्य प्रेक्षक

# स्वयं को रखें हाइड्रेट

## सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारियों संग की बैठक

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** पलामू लोकसभा चुनाव के लिये भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने समाहरणालय में आरओ शशि रंजन, एसपी रिष्मा रमेशन, सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी व सभी एआरओ संग बैठक की। बैठक में आरओ ने पीपीटी के माध्यम से जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर किये जा रहे तैयारियों से अवगत कराया। जिसमें कुल वोटर, मतदान केंद्र, पुरुष व महिला मतदाताओं की संख्या, दिव्यांग मतदाता, सी विजिल ऐप से प्राप्त शिकायतें, सेक्टर ऑफिसर व माईक्रो आब्जर्वर की संख्या, उनको दिये जाने वाला प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट से मतदान की तैयारी, एफएसटी, वीएसटी, मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं आदि को रेखांकित किया गया। डीईओ ने प्रेक्षक को बताया कि पिछले लोकसभा चुनावों के जरिये वहां के स्थानीय वोटर से संवाद किया गया है। इसी तरह एसपी रीष्मा रमेशन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त पुलिस के तरफ से की जा रही तैयारियों व कार्रवाईयों के बारे में बताया। जिसमें हथियार एवं मादक पदार्थों की धर पकड़, एक्सक्यूशन ऑफ नन बैलेवल वारंट, परमानेंट वारंट, लाइसेंसी एवं गैर लाईसेंसी हथियारों को जमा कराने व जब्त करने की कार्रवाई शामिल रहा। साथ ही मूवमेंट प्लान आफ फोर्सेज, एकोमोडेशन ऑफ सेंट्रल आर्ल्ड पुलिस फोर्स, पुलिस स्टेसन एवं ओपी आदि विषय को लेकर भी प्रेक्षक को अवगत कराया गया। विश्रामपुर विधानसभा अंतर्गत कुल्ही के बूथ पर सबसे कम मतदान हुआ था। इस बार संबंधित बूथ पर मतदान प्रतिशत बढ़े, इसे लेकर विशेष तैयारी की गयी है। इसी के तहत स्वीप कार्यक्रम के सामान्य प्रेक्षक ने चुनाव संबंधी सभी प्रशिक्षण को औपचारिकता के रूप में नहीं बल्कि जिम्मेदारीपूर्वक पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने एक साथ ज्यादा अधिक संख्या में लोगों को ट्रेनिंग से बचने की बात कही। कहा कि मौसम का तापमान बढ़ा हुआ है ऐसे में लोग खुद को हाईड्रेट रखे इसके लिये कार्य स्थल पर पेयजल के साथ-साथ ओआरएस रखने की भी बात कही। मौके पर डीडीसी, नगर आयुक्त, एसी समेत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी सहित तीनों एसडीओ उपस्थित थे।

## केशव प्रसाद मौर्य की लेस्लीगंज में चुनावी सभा कल

**मेदिनीनगर :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 2 मई को लेस्लीगंज स्थित मध्य विद्यालय मैदान में चुनावी सभा करेंगे। उक्त जानकारी पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने दी। विधायक डॉ मेहता ने बताया कि गुरुवार को दिन के 1:30 बजे से आयोजित सभा में उपमुख्यमंत्री श्री मौर्य चतरा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के समर्थन में मतदाताओं से मतदान की अपील करेंगे। विधायक डॉ मेहता ने क्षेत्रवासियों से अधिकाधिक संख्या में चुनावी सभा में पहुंचकर केशव प्रसाद मौर्य द्वारा प्रधानमंत्री के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल की अपनी की है।

## बच्चों ने रिजल्ट लिया, और फिर हो गयी छुट्टी



**मेदिनीनगर :** सादर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के कक्षा छह व सात के विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। बच्चों को रिपोर्ट कार्ड देने के बाद भोजन के उपरांत विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, प्रधान सहायक रामलखन राम, जनसेवक अजित कुमार, शिक्षक अमरेन्द्र पाठक व अशोक सिंह के साथ ठंडा का आनंद लिया। इसके बाद भीषण गर्मी के मद्देनजर विभागीय आदेश के आलोक में अगले आदेश तक के लिये बच्चों को छुट्टी दे दी गयी। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने उन्हें छुट्टी में पढ़ाई जारी रखने, गर्मी से बचने, साफ पानी पीने व ताजा भोजन करने की हिदायत दी। इस अवधि में शिक्षक विद्यालय में निदेशित कार्यों का निष्पादन करेंगे।

## एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिये आजसू पार्टी की बैठक, बनी रणनीति


**मेदिनीनगर :** पलामू व चतरा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी की जीत के लिये आजसू पार्टी के नेतृत्वकारी साथियो की लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार के आवासीय कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में सतीश कुमार ने कहा कि पलामू लोकसभा में एनडीए प्रत्याशी वीडी राम को अब तक के सभी चुनाव से रिकार्ड मतों से जीत हासिल करने के लिये सभी प्रखंड प्रभारी, प्रखंड अध्यक्ष, सभी पंचायत समिति, ग्राम समिति व चुल्हा प्रमुख हर घर में जाकर केन्द्र सरकार के जनोपयोगी योजना को बताने का काम करेंगे। केन्द्रीय सचिव इम्तियाज अहमद नजमी ने कहा कि हम झारखण्ड के 14 लोकसभा में भारी अन्तराल से जीत दर्ज कराने की तैयारी है। केन्द्रीय सचिव बिकेश शुक्ला ने कहा कि इन्डिया गठबन्धन मे आपस मे ही एकजुटता नहीं है। हमारी गठबन्धन को इसका भरपूर फायदा मिलने जा रहा है। बिजय मेहता, बबलू गुप्ता ने कहा कि पलामू लोकसभा में गरीब मजदूर किसान छात्र नौजवान महिलाओं को व सभी वर्गों के लिए केन्द्र सरकार के योजनाओं को प्रचारित करना है। तुलसी शुक्ला ने कहा कि लोक सभा के गढवा व पलामू के हर गांव में एनडीए का परचम लहरायेगा।

## सड़क दुघर्टना में सहायक अध्यापक बिजय सिंह की मौत

**नावाबाजार :** प्रखंड के रबदा पंचायत स्थित नेनुआ प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित सहायक अध्यापक बिजय सिंह की सोमवार को सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। उनका दाह संस्कार नेनुआ गांव स्थित श्मशान घाट पर किया गया। जहां बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी। जानकारी के अनुसार सहायक अध्यापक बिजय सिंह अपने किसी कार्य से छत्तीसगढ़ गये थे। जहां से लौटने के क्रम में वे दुर्घटना के शिकार हो गये। हालांकि उनकी मौत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई। बिजय सिंह की निधन की सूचना मिलते ही नावाबाजार के शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। नावाबाजार बीआरसी समेत विद्यालयों में लोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

# प्लस टू हाईस्कूल की छात्रा गुंजा 92.4 प्रतिशत अंक के साथ जिला टॉपर

**बंशीधर न्यूज**



**रमना :** जैक की ओर से मंगलवार को इंटर विज्ञान का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। रमना प्लस टू हाईस्कूल की छात्रा गुंजा कुमारी 92.4 प्रतिशत अंक के साथ जिला टॉपर बनी है। उसने 500 में 462 अंक प्राप्त किया है। जिसमे गणित और भौतिकी शास्त्र में 95-95, रसायन शास्त्र में 91, अंग्रेजी में 92 ओर जीव विज्ञान में 89 अंक शामिल की है। गुंजा ने बताया कि वह पढ़ लिखकर सैन्य अधिकारी बनना चाहती है। उसने इस सफलता का श्रेय दादा-दादी, माता-पिता एवं गुरुजनों के अलावे ग्रैंड कोचिंग पड़वा के निदेशक शैलेश को दिया है। प्रखण्ड के परसवान गांव निवासी आलोक सिंह एवं ललिता देवी की चार सन्तानो में दूसरी नम्बर की गुंजा कुमारी शुरू से ही पढ़ाई-लिखाई में अव्वल रही है। गुंजा ने बताया कि सफलता के लिये विषयो का नियमित अभ्यास जरूरी है। गुंजा को पढ़ाई के अलावे ड्राइंग बनाना काफी पसंद है। रमना बस स्टैंड के समीप छोटी सी इलेक्ट्रिक की दुकान चलाने वाले अपने पापा आलोक सिंह को ही गुंजा अपना आदर्श मानती है। उसने बताया कि पिताजी के त्याग और समर्पण ही उसकी इस सफलता का मूल आधार है। बहरहाल गुंजा के इस सफलता पर परिवार में जश्न का माहौल है। फोन पर बधाईयों का सिलसिला लगातार जारी है। इधर बाजार निवासी कन्हैया प्रसाद गुप्ता एवं माधुरी देवी की पुत्री लक्की कुमारी ने भी 432 अंक के साथ जिले में नवां स्थान प्राप्त की है। लक्की कुशल चिकित्सक बन लोगों की सेवा करना चाहती है। उसने इस सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। प्रखण्ड की दो बेटियों की इस कामयाबी पर रमनावासी काफी गर्वान्वित है। स्थानीय जिला पार्षद सह जिप अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख करुणा सोनी, सीओ सह बीडीओ बासुदेव राय, थानेदार असफाक आलम, बीईईओ विजय पांडेय, बीपीओ सुनीता कुजूर, प्राचार्य अजय सेठ, मुखिया दुलारी देवी, स्वीटी वर्मा, अनिता देवी, सावित्री देवी, सोनी देवी के अलावे शिक्षाप्रेमी महेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं अशर्फी लाल चन्द्रवंशी ने दोनों बेटियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# मोदी पीएम बनें इसके लिये पूरी ताकत लगाएं : आदित्य साहू

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** आगामी 4 मई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन को लेकर मेदिनीनगर के होटल ज्योति लोक में पलामू लोकसभा के कोर कमेटी के सदस्य, सभी विधानसभा के प्रभारी संयोजक एवं सह संयोजक की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्लस्टर प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकताओं को मोदी जी के कार्यक्रम में लाने की तैयारी करनी है। सभी मंडलों की बैठक जल्द से जल्द कर सभी कार्यकताओं एवं जनता तक आमंत्रण पहुंच जाय। लोकसभा चुनाव में 400 पार के नारा को साकार बनाना है और फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने इसके लिये पूरी ताकत लगानी है। प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी में सभी कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर से लग जाये। पीएम मोदी के पलामू आगमन को लेकर कार्यकर्ता एवं आम जनता में हर्ष का माहौल है। लोग उत्साहित हैं और पूरी तरह से मोदी जी को देखने और सुनने के लिये आतुर है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो, विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पांकी विधायक डा शशी भूषण मेहता, लोकसभा संयोजक विपिन बिहारी सिंह, लोकसभा के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय, श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पूर्व सांसद घुरन राम, विनोद सिंह, नरेंद्र पांडेय, दुर्गा जौहरी, रविंद्र सिंह, अविनाश वर्मा, कामेश्वर कुशवाहा, रघुराज पांडेय, ओमप्रकाश तिवारी, ओम प्रकाश केसरी, रामलव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, विजय ओझा, सूरज गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रामचंद्र यादव, अनुज पांडेय, प्रमोद सिंह, सोमेश सिंह, सुनील गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# खेल से खिलाड़ियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है : दीपक प्रताप देव

**बंशीधर न्यूज**



**विशुनपुरा :** चांद क्रिकेट क्लब के तत्वधान में दर स्कूल के निकट सीजन टू नाईट कॉस्को क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया। टूनामेंट का उद्घाटन युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव ने फीता काटकर किया। उस मौके पर युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव ने कहा कि खेल से खिलाड़ियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने की अपील की। उद्घाटन मैच विशुनपुरा गांधी क्रिकेट क्लब एवं खरौंधी टीम के बीच खेला गया।रोमांचक मुकाबले में विशुनपुरा की टीम ने खरौंधी की टीम को दो रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। इसके पूर्व विशुनपुरा की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित दस ओवर में सात विकेट खोकर 64 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी खरौंधी की टीम दस ओवर मे 9 विकेट खोकर 63 रन ही बना सकी। विशुनपुरा की टीम ने दो रनों से मैच को जीता लिया। उस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, कमेटी के अध्यक्ष गुलाम राजा, सचिव डॉ समसे आलम, कोषाध्यक्ष मोबारक अंसारी, डायरेक्टर मुना अंसारी, सदारत मतवर अंसारी सहित सैकड़ों खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगा एनडीए गठबंधन : भजनलाल



**धनबाद।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को धनबाद पहुंचे। वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल होने वाले थे लेकिन विलंब होने के कारण सीधे धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम गोल्फ ग्राउंड में आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे। यहां उन्होंने मंच से कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चार जून को झारखंड की सभी सीटों पर एनडीए की जीत होगी। झारखंड से हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 13 फूल (भाजपा) और एक फल (आजसू) भेंट करेंगे।

भजनलाल ने कहा कि राजस्थान में 2014 के लोकसभा चुनाव में 25 सीट आए थे, 2019 में भी 25 सीट दिया और इस बार भी 25 में से 25 सीट भाजपा को मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि धनबाद के युवाओं, महिलाओं और आम लोगों में जिस तरह का उत्साह दिख रहा है उससे यह साफ हो गया है कि झारखंड में भी सभी 14 सीटें एनडीए गठबंधन को मिलने जा रहा है। साथ ही कहा कि आने वाला समय आपका है। आगामी विधानसभा चुनाव में भी झारखंड में भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार भारी बहुमत के साथ आएगी।

भजनलाल ने कहा कि भाजपा हमेशा देश की संस्कृति और विचार को लेकर के चलती है। उन्होंने इंडी गठबंधन पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि ये लोग कहते थे, कश्मीर से धारा 370 हटी तो खून की नदियां बह जाएंगी लेकिन वहां तो एक कंकड़ भी नहीं चला। साथ ही कहा कि वे लोग भगवान राम को काल्पनिक बताते थे। रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख पूछते थे। हमने रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की तारीख भी बताई और उन्हें निमंत्रण भी भेजा।

## मतदान के लिए प्रेरित कर रहे सरकारी स्कूलों के बच्चे



**रांची।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य के सरकारी स्कूलों में भी मतदाता जागरुकता के लिए मतदान से संबंधित रोचक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। स्कूलों में आयोजित होने वाले चेतना सत्रों में भी बच्चों को भारत के विराट लोकतांत्रिक विरासत और इसकी गौरवगाथा के बारे में बताया जा रहा है। बच्चे इन प्रयासों से लोकतांत्रिक इतिहास और मतदान के महत्त्व को आसानी से समझ पा रहे हैं। इतना ही नहीं वे अपने टोलों, गांवों में भी जागरुकता अभियान चला रहे हैं।

### स्कूलों में बनाया डेमोक्रेसी रूम

राज्य के सरकारी स्कूलों में छात्रों एवं उनके अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 'लोकतंत्र कक्ष' बनाया गया है। इस रूम में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जुड़े चित्रों, पेंटिंग्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, ईवीएम, वीवीपैट मशीन आदि की प्रतीकात्मक प्रदर्शनी लगाई गयी है। बच्चे इस कक्ष में अभिभावकों के साथ आकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को आसानी से समझ सकते हैं। बच्चे प्रतीकात्मक ईवीएम और वीवीपैट मशीन के माध्यम से अभिभावकों के मन में ईवीएम को लेकर उत्पन्न भ्रम को भी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। इस कक्ष में भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के बारे में भी बच्चे जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

### रोचक बाल संसद का गठन

विद्यालयों में बाल संसद का गठन किया गया है। इसके माध्यम से स्कूली बच्चे भविष्य में मतदान करने की प्रक्रियाओं को समझ रहे हैं। स्कूल में हाउस कप्तान, क्लास मॉनिटर का चयन किया जा रहा है। चुनाव को देखते हुए स्कूल में चुने हुए छात्र प्रतिनिधियों को 'प्रधानमंत्री, मंत्री व सांसद' जैसे पद दिए जा रहे हैं, जिससे बच्चे काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं।

### अभिभावक-शिक्षक बैठक

राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों को अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन करने के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। इस बैठक में शामिल होने वाले अभिभावकों को शिक्षकों, प्राचार्य, एसएमसी सदस्यों द्वारा चुनाव में बढ़-चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया जा रहा है। विद्यालय द्वारा टोला टैगिंग कर अभिभावकों से संपर्क किया जा रहा है तथा बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने को कहा गया है। पीटीएम के माध्यम से अभिभावकों को चुनावी तिथियों की जानकारी तो दी ही जा रही है, साथ ही उनकी वोटर पर्ची, मतदाता पहचान पत्र, बूथ संख्या आदि से जुड़ी शंकाओं को भी दूर किया जा रहा है।

# खूंटी में नोटा भी देता है टक्कर, 2019 के चुनाव में रहा तीसरे स्थान पर

**खूंटी।** नोटा यानी राइट टू रिजेक्ट। चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदाता को यह अधिकार है कि अपने पसंदीदा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें। अगर निर्धारित प्रत्याशियों की सूची में कोई उसके पसंद का नहीं है, तो इसके लिए नोटा का विकल्प चुन सकता है। वर्ष 2013 में राइट टू रिजेक्ट के तहत यह अधिकार मतदाताओं को मिला है। 2014 के लोकसभा चुनाव से इवीएम में प्रत्याशी की सूची में नोटा का बटन भी शामिल हो गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तीसरी बार इस बटन का उपयोग होगा।

2019 के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बाद सबसे अधिक वोट नोटा को

2019 के लोकसभा चुनाव में खूंटी संसदीय सीट के चुनाव परिणाम ने सबको चौंका दिया था। यहां कांटे के टक्कर में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मात्र 1445 वोट से चुनाव जीत गये थे। कांग्रेस के कालीचरण मुंडा दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 21 हजार 245 वोट लाकर नोटा तीसरे स्थान पर रहा। यानि हार जीत के अंतर से काफी अधिक वोट नोटा को मिला था। एक फीसदी से भी कम




वोट के अंतर से हार जीत का फैसला हुआ। 2019 के लोकसभा चुनाव में खूंटी सुरक्षित सीट से विजयी प्रत्याशी भाजपा के अर्जुन मुंडा को 382638 0वोट मिले थे, वहीं कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को 381193 वोट मिले थे। तीसरे स्थान पर नोटा रहा था, जिसने 21245 वोट हासिल किये थे। चौथे स्थान पर निर्दलीय प्रत्याशी मीनाक्षी मुंडा थी, जिसने 10989 मत प्राप्त किये थे। जेएचकेपी कें अजय टोपनो को 8838 वोट, बीएसपी की इंदुमति देवी को 7663, निर्दलीय सुखराम हेरेंज को 5255, निर्दलीय नियारन हेरेंजको 4560, आरएसजीपी की सिविल कंडुलना को 3895 एचबीपी की अवनिशी मुंडू को 2373 एएनपी के मुन्नाबड़ाईक को 1864 और बीएमएसएम के नील जस्टिन बैक ने भी 1864 वोट प्राप्त किये थे।

### इस बार भाग्य आजमा रहे है सात उम्मीदवार

2024 के लोकसभा चुनाव में खूंटी संसदीय सीट से दीलय-निर्दलीय सात प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वैसें 16 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दखिल किया था, लेकिन नौ उम्मीदवारों की छंटनी संविक्षा में हो गई थी। इस बार भी इस संसदीय सीट में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने फिर से उन्हीं पुराने प्रतिद्वंदियों को मैदान में उतारा है। भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा फिर से आमने सामने हैं।

## तीन मई तक मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण पूर्ण करें : के रवि कुमार

**खूंटी।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को खूंटी जिले में निर्वाचन की तैयारी सहित विभिन्न मतदान केंद्रों और घर-घर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ द्वारा अब तक संपन्न और किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली और कार्य में तेजी प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा निर्वाचन में कार्यरत बीएलओ को इंसेंटिव का प्रावधान है, लेकिन खराब प्रदर्शन अथवा कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को इंसेंटिव से वंचित रखा जाएगा। उन्होंने सभी बीएलओ को अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और



ससमय निर्वाचन कार्य पूर्ण करने को कहा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने खूंटी के पिपरा टोली बेलाहाथी रोड जाकर मतदाताओं के बीच बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण की जानकारी ली। साथ ही उनके द्वारा भरे गये प्रपत्रों की जांच की। उन्होंने खूंटी जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा रोड स्थित मतदान केंद्र पर बीएलओ से मुलाकात की और लोकसभा निर्वाचन से संबंधित कार्यों के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस (गर्ल्स), खूंटी एवं सामुदायिक भवन नामकोम स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ सूची, वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप, मतदान केंद्र जागरूकता समूह की अद्यतन जानकारी ली और कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने तीन मई तक सभी मतदाताओं के बीच वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कालामाटी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट पर तैनात जवानों एवं दंडाधिकारी की शिथिलता पर नाराजगी जताते हुए वाहनों के आवागमन पर पैनी नजर रखने, वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया।

# पापा मैं सकुशल हूं, लेकिन देश कुशल रहे इसलिए आप जरूर वोट देना


### 20 मई को मतदान करने को लेकर बच्चियों ने अपने अभिभावकों को लिखी चिट्ठी

**रामगढ़।** पापा मैं सकुशल हूं, लेकिन हमारा देश भी कुशल रहे इसलिए आप वोट जरूर देना। 18 वर्ष से अधिक उम्र के जितने लोग हमारे आसपास रहते हैं, आप उन्हें भी अपने साथ बूथ पर ले जाना। यह भावनात्मक बातें कोमल सी बच्चियों की मन में उठी हैं।उन्होंने अपनी भावनाओं को शब्दों में पिरोया और अपने माता-पिता को एक चिट्ठी लिखी। यह चिट्ठी इसलिए लिखी गई है ,ताकि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान के दिन हर मतदाता वोट जरूर दे।

उदासीनता से बाहर निकालने के लिए हुई अनूठी पहल

रामगढ़ जिला प्रशासन हर मतदाता को बूथ तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग तरीके से जागरूकता अभियान चला रहा है। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने पहले प्रवासी मजदूरों को चिट्ठी लिखी। अब उदासीनता की दलदल में फंसे अभिभावकों को सीधे उनके बच्चों से चिट्ठी लिखवाई है। जिला प्रशासन की बात का असर कितना हो यह कह पाना मुश्किल है। लेकिन बेटी के द्वारा बाप को लिखी गई चिट्ठी का असर कितना होगा यह सभी जानते हैं।

### जिला प्रशासन के सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट होगी चिट्ठी



रामगढ़ जिले के विद्यालयों में पढ़ने वाली बच्चियों ने जिस तरह चिट्ठी लिखी है, जिला प्रशासन को उम्मीद है कि उनके अभिभावक वोट डालने में पीछे नहीं रहेंगे। कक्षा 9 की छात्रा शिवानी, सुनैना, सुहाना, प्रियंका, प्रिया अग्रवाल, राखी, श्वेता, देवी, अंशिका और उनके साथ सैकड़ो बच्चियों की चिट्ठी जिला प्रशासन अपनी सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट करेगा। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि बच्चियों के द्वारा लिखी गई चिट्ठी उनके माता-पिता पढ़ेंगे और उसपर अपनी प्रतिक्रिया भी देंगे। लेकिन बच्चियों के मन में उठी बातों को और भी लोग जाने



इसी वजह से उन चिट्ठियों को सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया जा रहा है। जानिए क्या लिखा है बच्चियों ने अपनी चिट्ठी में पब्लिक उच्च विद्यालय कुजू की सुनैना कुमारी ने अपने अभिवावक को लिखा है कि, मैं सकुशल हूं। मैं आशा करती हूं कि आप सब सकुशल होगें। आपको जान कर बहुत खुशी होगी कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान प्रातः 07:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक 20 मई को होगा। मुझे बहुत खुशी होगी कि आप सब वोट देंगे। पिताजी, माताजी, भईया भी जाएंगे। इससे हमारे देश मे विकास होगा और हमें अच्छी सरकार मिलेगी। इसलिए आप जरूर से जरूर जाएं और वोट दें।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)